हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 17 जनवरी 2026

पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने टीबी के 11 मरीजों को... 11


रंगोली में साक्षी, भाषण में अनुसूईया तथा निबंध ... 12


**खबर संक्षेप**

### गांव नांगल में जागरण आज और भंडारा कल

**भिवानी।** नांगल की सार्वजनिक धर्मशाला में आयोजित 36 बिरादरी की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अमावस्या के अवसर पर बाबा मोहन दास महाराज के मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में गांव के गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। श्रीश्याम दीवाना मंडल नांगल के अध्यक्ष सत्यवान सिंह ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया कि 17 जनवरी शनिवार रात्रि 8 बजे से भजन जागरण का आयोजन होगा। वहीं 18 जनवरी रविवार सुबह 9 बजे विधि-विधान के साथ हवन का आयोजन तथा सुबह 11 बजे भंडारा शुरू होगा।

### व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार



**तोशाम।** पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी ने तोशाम क्षेत्र से एक व्यक्ति को बिना लाइसेंस अवैध हथियार रखने के मामले में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के मुख्य सिपाही सुनील कुमार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने तलाशी लेकर अवैध हथियार बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कृष उर्फ भोले पुत्र भूप सिंह, निवासी रिवासा जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### सतेन्द्र सिंह संभालेंगे खंड शिक्षा अधिकारी की कमान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी की कमान हिसार निवासी सतेन्द्र सिंह संभालेंगे। सतेन्द्र सिंह हिसार जहाजपुल स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य के पद से पदोन्नति पाकर खंड शिक्षा अधिकारी तैनात हुए। जिन्हें बवानी खेड़ा खंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे सोमवार को खंड की कमान संभालेंगे। 31 दिसंबर को तत्कालीन बीईओ बालकिशन यादव के सेवानिवृत्ति पश्चात पद रिक्त था। हालांकि प्राचार्य आनंद शर्मा कार्यकारी बीईओ की भूमिका अदा कर रहे थे उनके कार्य को भी खंड में सराहा गया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह ने बताया कि उनका मकसद खंड को शिक्षा क्षेत्र में ऊंचाइयों पर ले जाना व विभाग के आदेशों की पालना करते हुए सभी के सहयोग से खंड को अव्वल बनाने का कार्य करेंगे।

## एचटेट को पुरानी परंपरा से करवाने की मांग

# शिक्षा बोर्ड कर्मचारियों ने मांगों को लेकर हुंकार भरी

### कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, सांकेतिक भूख हड़ताल की, अनिश्चिकालीन आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के प्रशासन और प्रदेश सरकार के कथित उपेक्षित रवैये के विरोध में शुक्रवार को शिक्षा बोर्ड कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन-1016 (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ) के आह्वान पर शुक्रवार को कर्मचारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल की। यह प्रदर्शन बोर्ड कार्यालय के समक्ष आयोजित किया गया। इस भूख हड़ताल और गेट मीटिंग की अध्यक्षता संगठन के प्रधान सत्यवीर स्वामी ने की, जबकि मंच का संचालन महासचिव सोमवीर पुनिया द्वारा किया गया। सभा में भारी संख्या में बोर्ड कर्मचारियों और विभिन्न श्रमिक संगठनों के नेताओं ने हिस्सा लिया।



भिवानी। बोर्ड परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी।

#### हठधर्मिता छोड़े बोर्ड प्रशासन

मंच से संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने बोर्ड प्रशासन और प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते कर्मचारियों की जायज मांगों को नहीं माना गया, तो यह सांकेतिक भूख हड़ताल जल्द ही एक बड़े आंदोलन का रूप ले लेगी। नेताओं ने मुख्य रूप से उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण, अनियमितताओं पर रोक, एचटेट परीक्षा के मामले को उठाया। प्रधान सत्यवीर स्वामी ने कहा कि बोर्ड प्रशासन अपनी हठधर्मिता छोड़े और पूर्व पद्धति के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण प्रकाशन शाखा से ही करवाए। उन्होंने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन पुरानी परंपरा और नियमों के अनुसार ही सुनिश्चित करने की मांग की।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान शेर सिंह, किसान सभा जिला प्रधान रामफल देशवाल, हरियाणा अध्यापक संघ नेता सुखदर्शन सरोहा, रोड़वेज राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद जिला प्रधान सुमेर आर्य ने भी संबोंधित किया तथा शिक्षा बोर्ड कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान अशोक गोयत, वरिष्ठ उपप्रधान अशोक पिलानिया, जोगेंद्र, संदीप शर्मा, संदीप जांगड़ा, अमनदीप, अरुण, अनूप, और सुखविंदर सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।



भिवानी। तहसील कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते किसान।

### अखिल भारतीय किसान सभा ने तहसील कार्यालय के सामने दिया धरना, नारेबाजी की

**बहल।** अखिल भारतीय किसान सभा बहल द्वारा शुक्रवार को तहसील कार्यालय बहल के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरने की अध्यक्षता सूबेदार धनपत सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन मनफुल ओबरा ने किया। धरने के दौरान किसानों ने बिजली बिल संशोधित कानून 2025 को वापस लेने, स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने, मनरेगा का नया कानून वापस लेने सहित विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा मांगों की प्रतियां जलाकर रोष जताया। इसके उपरांत तहसीलदार के रीडर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों की प्रमुख मांगों में मनरेगा की मजदूरी 700 रुपये प्रतिदिन किए जाने, वर्ष 2026 में बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा क्लेम शीघ्र जारी करने तथा 2023 कपास बीमा राशि जल्द से जल्द किसानों के खातों में डालने की मांग शामिल रही। सभा की राज्य कमेटी के डॉ. बलवीर सिंह ने 2023 की कपास बीमा फसल से जुड़े पूरे घटनाक्रम की जानकारी किसानों को विस्तार से दी। धरने में रामचंद्र फौजी, वीर सिंह, ज्ञानी राम, विनोद जांगड़ा, सिरचंद, धनपत, सुमेर, मांगेराम, सुरेश, रामनिवास, सोमबिर, अनूप सिंह, धर्मपाल नंबरदार, धर्मवीर शर्मा, बलवान, इंद्राज, मानसिंह, साजन कुमार, बलवीर सिरसी, रोहतास फौजी, माईराम डांगी, कृष्ण कुमार, विजय सिंह, रामस्वरूप, ओम प्रकाश, महिपाल, अजीत सिंह, प्रताप पूनिया सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## तोशाम में हाईटेंशन टावर लाइन के विरोध में उतरे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

- एसडीएम के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

बीकानेर से सोनीपत तक बिछाई जा रही हाई-टेंशन बिजली टावर लाइन का विरोध अब तेज होता जा रहा है। शुक्रवार को तोशाम क्षेत्र के किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले एकजुट होकर तोशाम के एसडीएम के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन को सौंपते समय विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इनमें अखिल भारतीय किसान सभा, ग्राम स्वराज किसान मोर्चा, फौजी संगठन और रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य शामिल थे। इस दौरान अध्यक्ष मंडल में अखिल भारतीय किसान सभा से इंद्र सिंह लांबा, ग्राम स्वराज किसान मोर्चा से ईश्वर सिंह बागनवाला, एआईकेकेएमएस से महेंद्र सिंह कटारिया, फौजी संगठन से कमल सिंह झांवरी, डा. देवेंद्र सिंह बल्हारा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से महाबीर शर्मा रहे। इस मौके पर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु सहित अन्य किसान संगठन नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक टावर लगाने का कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा।



## बीज विधेयक 2025 को रद्द करने की मांग, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- किसान और आमजन के विरूद्ध कानून ला रही सरकार : ओमप्रकाश

अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी ने बीज विधेयक 2025, बिजली निजिकरण संशोधन विधेयक 2025 को रद्द करते हुए मजदूरों के लिए मनरेगा कानून बहाल करने, चार श्रम संहिताएं रद्द करते हुए 29 श्रम कानून बहाल करने, डॉ. स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार सी2+50 प्रतिशत न्यूनतम समर्थन मूल्य की संवैधानिक गांरटी लागू करने व किसान मजदूरों को कर्जमुक्त करने की मांगों को लेकर बामला गांव में प्रदर्शन किया तथा शपथ ली कि जब तक जनविरोधी कानूनों को रद्द नहीं किया जाता किसान मजदूर व आमजन एकजुट होकर राजग भाजपा सरकारों के विरूद्ध लगातार संघर्ष किया जाएगा।




किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल व उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि केन्द्र की मौजूदा सरकार अपने बहुमत का फायदा उठाकर हर दिन मजदूर, किसान व आमजन के विरूद्ध कानून ला रही है और जनसंघर्षों के माध्यम से पिछले सात दशकों से जो अधिकार हासिल किए थे, उन्हें एक एक करके समाप्त कर रही है।

# स्टैपअप के लाभ के लिए डीईईओ से मिले अध्यापक

- एक्सप्रेसिया बजट एवं ट्रैफिक अलाउंस जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुशील भारती से डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन के राज्य संगठन सचिव सुंदरपाल फोगाट एवं राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान शमशेर सिंह रूदढौल, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान संजय शास्त्री, सचिव कृष्ण शास्त्री, जिला कोषाध्यक्ष प्राचार्य रविंद्र कुमार ने मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व अन्य सभी ने जेबीटी अध्यापकों के लंबित एसीपी मामलों संबंधित स्टेप अप केस के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि 1999 एवं 2000 में भर्ती जेबीटी अध्यापक दूसरे जिलों में समकक्ष अध्यापक इस लाभ को ले रहे हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुशील भारती से आग्रह किया कि चरखी दादरी जिले के अध्यापकों को भी स्टेप अप का लाभ देते हुए द्वितीय एवं तृतीय एसीपी का लाभ तुरंत प्रदान किया जाए। उन्होंने जिला चरखी दादरी में एलटीसी बजट, डीए बजट, एक्सप्रेसिया बजट एवं ट्रैफिक अलाउंस की मांग करते हुए तुरंत बजट जारी करने के बारे मे ज्ञापन सौंपत हुए अध्यापकों के मांग मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। डीईईओ भारती ने कहा कि समस्त मुद्दों पर विचार कर स्टेप अप के मामले को ऑफिस एवं उच्चाधिकारियों से बातचीत कर तुरंत समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।



भिवानी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को मांगपत्र सौंपते जेबीटी अध्यापक।

### 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजे की मांग की

**भिवानी।** बीकानेर से सोनीपत तक बिछाई जा रही हाई-टेंशन बिजली टावर लाइन का विरोध अब तेज होता जा रहा है। भिवानी जिले के तोशाम क्षेत्र के किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले प्रशासन के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु सहित अन्य किसान संगठन नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक टावर लगाने का कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिजली की लाइनें और टावर लगने से उनकी बेशकीमती जमीनों की उपयोगिता कम हो जाएगी और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा। मोर्चा ने काम शुरू होने से पहले फसल का न्यूनतम 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए, राइट ऑफ वे के तहत जमीन की कुल कीमत का न्यूनतम 60 प्रतिशत मुआवजा दिया जाए और किसानों को 30 हजार रूपये प्रति एकड़ की वार्षिक रॉयल्टी भी देने की मांग की।

# नरेश भुरू सर्वसम्मति से बने ग्रेन मर्चेंट एसो. के दोबारा प्रधान

- सरकार व प्रशासन के साथ मिलकर आढ़तियों की समस्याओं का स्थायी समाधान रहेगा उद्देश्य : भुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नई अनाजमंडी स्थित जनसेवा सदन में शुक्रवार को आढ़तियों और मिल मालिकों की आम सभा का आयोजन किया। बैठक का मुख्य एजेंडा ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के नए प्रधान का चुनाव करना था। इस बैठक का समापन नरेश बंसल उर्फ भुरू के नाम पर बनी व्यापक सहमति के साथ हुआ।

बता दे कि नरेश बंसल पिछले दो वर्षों से एसोसिएशन के प्रधान पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनका कार्यकाल समाप्त होने पर नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। हालांकि बैठक में मौजूद व्यापारियों और मील मालिकों ने पिछले दो वर्षों में मंडी के विकास और व्यापारियों के हितों के लिए किए उनके कार्यों की जमकर सराहना की।

व्यापारियों का मानना था कि भुरू ने सबको साथ लेकर चलने की नीति अपनाई। बैठक में मौजूद सदस्यों ने नरेश बंसल को सर्वसम्मति से 2 वर्षों के लिए दोबारा प्रधान नियुक्त किया है। नवनियुक्त प्रधान नरेश बंसल ने कहा कि वे सभी व्यापारियों व और मिल मालिकों का आभार व्यक्त करते है, जिन्होंने उन पर दोबारा विश्वास जताया। अब नई ऊर्जा के साथ अगले 2 वर्षों में हमारा लक्ष्य व्यापार को और अधिक सुगम बनाना और सरकार व प्रशासन के साथ मिलकर आढ़तियों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकालना रहेगा।



भिवानी। ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन की बैठक में मौजूद आढ़ती व मिल मालिक।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर देबूराम, रामनिवास सिवानीवाला, बजरंग बहलिया, गंगराम, राजेश बेरलिया, गिगराज, ब्रह्मानंद, संदीप पांडवानिया, मधुर, सुरेश जुईवाला, प्रदीप रामपुरिया, हनुमान प्रसाद, ढुलाराम, पुलकित, सन्नी ढिगावावाले, राकेश बोहरा, विजय लालावासिया, साधुराम, सतीश सांकरोड़िया आदि मौजूद रहे।

**बैठक** भाजपा का हर कार्यकर्ता योजना को जन-जन तक पहुंचाने का बनेगा वाहक

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना अनिवार्य : धर्मबीर

# रोजगार के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव है जी राम जी : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जी राम जी (विकसित भारत-रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन - ग्रामीण) को धरातल पर उतारने और इसका लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह उपस्थित रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने की। कार्यक्रम के जिला सयोजक रविंद्र बपोडा व सह सयोजक प्रदीप प्रजापति, सह सयोजक सुंदरपाल तंवर व सह सयोजक नरेंद्र तालू रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने हा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई जी राम जी योजना ग्रामीण भारत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास और रोजगार के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव है। इसके माध्यम से हम गांव के अंतिम व्यक्ति तक स्वरोजगार और आजीविका के साधन सुनिश्चित कर रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना अनिवार्य है और जी राम जी योजना इसी दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। सांसद ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव जाकर इस योजना के लाभार्थियों की पहचान करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति इसके लाभ से वंचित न रहे।



भिवानी। एकत्रित लोगों को संबोधित करते सांसद धर्मबीर सिंह।

#### लगाए जाएंगे शिविर

वही जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस मिशन का वाहक बनेगा। उन्होंने संगठनात्मक ढाँचे पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर पर योजना की जानकारी के लिए शिविर लगाए जाएंगे। भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीणों को आवेदन प्रक्रिया और योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता के बारे में विस्तार से समझाएंगे। उन्होंने कहा कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रुकेगा। सांसद ने अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि जी राम जी योजना के तहत रोजगार गारंटी और कौशल विकास को प्राथमिकता दी जाए।

### बीरण ग्राम पंचायत की विशेष ग्राम सभा आज, विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं पर होगी चर्चा

- लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है ग्राम सभा: सरपंच

**भिवानी।** ग्रामीण विकास को गति देने और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बीरण में एक ग्राम सभा का आयोजन सरपंच सुल्तान सिंह की अध्यक्षता में 17 जनवरी को सुबह 10 बजे ग्राम सचिवालय में होगा। ग्राम सचिव रोहिताश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक के लिए पांच मुख्य लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिनमें सरकारी योजनाओं की समीक्षा, गत वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा, अमृत सरोवर योजना तथा शिकायत निवारण रहेंगे। सरपंच सुल्तान सिंह ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस बैठक में समय पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जहां ग्रामीण सीधे तौर पर अपने गांव के विकास की योजना बनाने में हिस्सा ले सकते हैं। बैठक में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम सचिव और अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति भी अनिवार्य की गई है।

# मौजा बड़वा में तीन एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी तोड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- यह अभियान डयूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल के सहयोग से चलाया

नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिला भिवानी नियंत्रित क्षेत्र तहसील सिवानी के मौजा गांव बड़वा में लगभग तीन एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी से निर्माण हटाने का अभियान चलाया। अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से इंटरलॉक नेटवर्क, डीपीसी व डिमार्केशन आदि अवैध निर्माण को तोड़ा। जिला नगर योजनाकार नवीन कुमार ने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र सिवानी के गांव बडवा में अवैध निर्माण गिराने का अभियान चलाया। यह अभियान डयूटी मेजिस्ट्रेट व पुलिस बल के सहयोग से चलाया गया। इस दौरान मौजा बढ़वा में सिवानी-हिसार रोड़ पर लगभग तीन एकड़ में फैली एक अवैध कॉलोनी से चार डीपीसी, इंटरलोक टाईल रोड़ नेटवर्क व डिमार्केशन को जेसीबी मशीन से तोड़ा। इस दौरान जिला नगर योजनाकार द्वारा लोगों को समझाया गया कि आम जन अवैध कॉलोनियों में प्रोपर्टी डीलरों के बहकावे में न आयें व अवैध कालोनियों में प्लॉट न खरीदे व शहरी क्षेत्र नियंत्रित क्षेत्र एवं अनुसूचित सड़कों की हरित पट्टी में किसी भी तरह का निर्माण कार्य न करें तथा कोई भी निर्माण करने से पूर्व विभागीय अनुमति लेना सुनिश्चित करें।



# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।'इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

लाइफ Style

# भूमि
## वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज



मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।

हॉलीवुड मसाला




# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतारः फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा

**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

टीवी मसाला



# व्हील ऑफ फॉर्च्यूनः अक्षय लेकर आए पैसे कमाने का नया तरीका

**नई दिल्ली।** नए रियलिटी टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो आ गया है, जो चर्चा बटोर रहा है। यह शो 27 जनवरी से शुरू होगा और इसे अक्षय कुमार होस्ट करते नजर आएंगे। अक्षय कई साल बाद टीवी पर बतौर होस्ट वापसी कर रहे हैं। साथ ही वह इस शो के जरिए दर्शकों के लिए नए तरीके से पैसे कमाने का मौका लेकर आए हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अक्षय कुमार शो के फॉर्मेट के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो शुरू होता है तो अक्षय कुमार तीन कंटेस्टेंट्स के साथ बात करते नजर आते हैं। वह उनसे कहते हैं, 'मैं आप तीनों के लिए एक नई कैटिगरी लेकर आया हूं- पति पत्नी। फिर बजर टाइम का ऐलान करते हैं और व्हील ऑफ फॉर्च्यून दिखाते हैं। इसके बारे में अक्षय कहते हैं- स्पिन करो और विन करो। खास बात यह है कि अगर व्हील स्पिन करने पर नाग आ गया तो कंटेस्टेंट ने जितना भी पैसा जीता है, वह वापस चला जाएगा यानी कंटेस्टेंट से छिन जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि पहले कंटेस्टेंट को अक्षय कुमार एक पहेली सुलझाने का टास्क देते हैं। कंटेस्टेंट जो अक्षर बताता है, उसके साथ ही वह व्हील को घुमाता है। व्हील पर अलग-अलग रकम लिखी है और जहां-जिस रकम पर व्हील घूमने के बाद रुकेगा, उतनी रकम कंटेस्टेंट जीत जाएगा।

## लोगों ने पूछी काला नमक चावल की रेसिपी

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम खराब किया है। फिर लोगों ने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं। व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपए बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए। अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही।



# ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, 'कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है?' गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है।



### तृप्ति-शाहिद की रोमांटिक केमिस्ट्री

*शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है। हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# ओटीटी पर इन फिल्मों और सीरीज ने दी दस्तक

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 16 जनवरी को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में क्या आप घर बैठे ही कुछ शानदार देखना चाहते हैं? तो आपके वीकएंड को खास बनाने के लिए कई नई फिल्मों और सीरीज ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में इन दिनों बहार है। धुरंधर का खुमार अब तक उतरा नहीं है। वहीं, शुक्रवार को राहु केतु और हैप्पी पटेल जैसी फिल्मों ने भी दस्तक दी है। मगर, इस सर्द मौसम में अगर आप थिएटर जाने की बजाय घर बैठे ही कुछ रोमांचक देखना चाहते हैं तो ओटीटी के पिटारे में भी काफी कुछ खास है।

### मस्ती 4

लोकप्रिय फ्रेंजाईजी 'मस्ती' की चौथी कड़ी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसे 16 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे हैं।

यह वीकएंड होगा बेहद खास, मस्ती से 120 बहादुर तक



### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर बीते वर्ष नवंबर में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी और सितारों के अभिनय की काफी तारीफ हुई। अब सेना की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म आज शुक्रवार से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं।

### भा भा बा

फिल्म 'भा भा बा' का लुत्फ भी आप इस वीकएंड पर उठा सकते हैं। यह 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। बता दें कि फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलीप और मोहनलाल जैसे साउथ सितारे हैं।

### गुर्रम पापी रेड्डी और कलमकावल

साउथ फिल्म गुर्रम पापी रेड्डी भी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। वहीं, ममूटी अभिनीत फिल्म कलमकावल भी 16 जनवरी से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई है।

### तस्करी द स्मगलर वेब

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'तस्करी द स्मगलर वेब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। अगर आपने नहीं देखी है, तो इस वीकएंड इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज अहम भूमिकाओं में हैं।

## प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी थे खूब चर्चे

# ओपी को आशा से दिल लगाना पड़ा था भारी! लता से 36 का आंकड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओपी नैय्यर फिल्म इंडस्ट्री के वो चमकते सितारे थे जिनके जाने के बाद भी उनके काम की चर्चा आज तक होती है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनके खूब चर्चे थे। आशा भोसले के साथ 14 साल के रिश्ते ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। परिवार से तो दूर हुए ही। प्यार भी नसीब नहीं हुआ।

### सड़क पर फेंक दिया अवॉर्ड

सिराज खां ने इस बारे में कहा था, 'नैय्यर साहब अपनी कार से वापस लौट रहे थे। उनकी कार में गीतकार एसएच बिहारी बैठे हुए थे। सड़क पर उस समय सन्नाटा था। अचानक नैय्यर साहब ने कार का शीशा नीचा किया और वो ट्राफी फेंक दी जो एक खंभे से टकराई। आखिरी आवाज जो उन्होंने सुनी, जैसे कोई चीज चूरचूर हो जाती है। उन्होंने बगल में बैठे हुए बिहारी साहब से कहा कि ये जो आपने ट्रॉफी टूटने की आवाज सुनी, इसके साथ ही आशा इज आउट ऑफ माई लाइफ... फॉएवर।'

### शमशाद और गीता दत्त से कर लिया था किनारा

ओ पी नैय्यर को नजदीक से जानने वाले सिराज खां ने बातचीत में बताया था, 'मेरा ख्याल है इस तरह का रिश्ता बॉलीवुड क्या हॉलीवुड में भी नहीं हुआ है। उनकी प्रोफेशनल रिलेशनशिप रोमांस में बदल गई और 1958 से लेकर 1972 तक यानी 14 सालों तक उनका साथ रहा। ये बहुत गहरा साथ था। आप सोचिये एक शादीशुदा शख्स जिसके चार बच्चे हैं और एक तलाकशुदा महिला खुलेआम बंबई में घूमा करते थे।' नैय्यर साहब ने खुद भी इंटरव्यू में कहा था, 'ये तो सुना था कि लंव इज ब्लाइंड, लेकिन मेरे मामले में लव ब्लाइंड के अलावा डीफ यानी बहरा भी था क्योंकि आशा की आवाज के अलावा मैं और कोई आवाज सुन नहीं पाता था।' यही कारण था कि उन्होंने शमशाद बेगम और गीता दत्त से खुद को किनारे कर लिया था।



### 1952 में आसमान से कॅरियर किया शुरू

साल 1926 में लाहौर में जन्मे ओपी नैय्यर ने 1952 में 'आसमान' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान गुरु दत्त की फिल्मों से मिली। 'रिदम किंग' और 'ताल का बादशाह' कहे जाने वाले नैय्यर ने 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55', 'सीआई डी' और 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के लिए काम किया और उनके काम ने उन्हें हर तरफ जगमगा दिया। जितनी उनके प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा होती थी, उतनी ही पर्सनल लाइफ की भी। आशा भोसले के साथ उनके रिश्ते ने उनकी जिंदगी को झकझोरकर रख दिया। उसके बाद न तो वो अपने परिवार के रहे और न ही आशा भोसले के हो पाए। आशा भोसले को सुपरहिट बनाने का श्रेय अगर किसी को दिया जा सकता है तो वो थे ओपी नैय्यर। उन्होंने आशा की आवाज और रेंज का फायदा उठाते हुए उन्हें मौके दिलवाए। उन्हीं की वजह से आशा भोसले को उनकी पहचान मिली जो आज भी हर किसी के दिल में बनी हुई हैं।

### 14 साल तक चला रिश्ता

मशहूर संगीत इतिहासकार राजू भारतन अपनी किताब 'अ जर्नी डाउन मेमोरी लेन' में लिखते हैं, 'ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के प्रति प्यार इस हद तक था कि एक बार उन्होंने बिना कोई शब्द कहे गीता दत्त का फोन रख दिया था। गीता दत्त ने सिर्फ ये पूछने के लिए फोन किया था कि मैंने ऐसी क्या खता की कि अब आप मुझे गाने के लिए नहीं बुलाते? 'ये वही गीता दत्त थीं, जिन्होंने ओ पी नैय्यर की पहले पहल गुरु दत्त से सिफारिश की थी। ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के साथ रिश्ता 14 सालों तक चला। एक जमाने में ओ पी नैय्यर की कैडलक कार में घूमने वाली आशा भोंसले ने 1972 में इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया।'

### हमेशा के लिए बना ली दूरी

इसके बाद आशा भोसले और ओपी नैय्यर ने एक साथ कभी कहीं कदम नहीं रखा। लेकिन, इससे पहले उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन न जाए' फिल्म के लिए एक गाना रिकॉर्ड किया, जिसे 1973 का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आशा उस इवेंट में नहीं गई थीं। ओपी नैय्यर ने उनकी तरफ से अवॉर्ड लिया और घर वापस लौटते समय उन्होंने वो ट्रॉफी चलती कार से सड़क पर फेंक दी।

## खबर संक्षेप

### रिश्वत देना व लेना दोनों ही अपराध : एडीसी

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा भ्रष्टाचार एवं रिश्वत खोरी के विरुद्ध जागरूकता सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एडीसी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को जरूरी निर्देश दिए। सेमिनार में एडीसी ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में भ्रष्टाचार, रिश्वत खोरी के विरूद्ध बैनर लगवाने के निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी रिश्वत की मांग करता है तो इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी जाए। उन्होंने कहा रिश्वत देना व लेना दोनों ही अपराध है। भ्रष्टाचार केवल पैसे का लेन-देन नहीं है, यह समाज के प्रति ईमानदारी और वंचितों के अधिकारों के प्रति कुठारघात है।

### प्राकृतिक खेती एवं पर्यावरण शुद्धता पर दिया जोर

**भिवानी।** आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में स्वामी सच्चिदानंद के नेतृत्व में शुरू हुई 'वेद प्रचार, नशा मुक्ति एवं प्राकृतिक कृषि संरक्षण यात्रा' आज अपने दूसरे दिन पैंतावास कलां, खुर्द से गौरीपुर होते हुए मानहेरू पहुंची। यात्रा का पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों और किसानों ने स्वागत किया। कार्यक्रमों का मुख्य केंद्र बिंदु 'मिट्टी की सेहत' और 'नशा मुक्त युवा शक्ति' रहा। यात्रा के साथ चल रहे सभा उपप्रधान उमेद शर्मा, भजनोपदेशक रामनिवास आर्य ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रासायनिक खादों के प्रयोग से धरती बंजर हो रही है। उन्होंने जहर मुक्त खेती और गौ-आधारित 'प्राकृतिक कृषि' अपनाने पर जोर दिया ताकि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध अन्न मिल सके। सुबह की शुरुआत सामूहिक अग्निहोत्र (यज्ञ) के साथ हुई जो निरंतर यज्ञ यात्रा के प्रत्येक गाँव पहुँची। जनसमूह को बताया कि यज्ञ से न केवल आध्यात्मिक लाभ होता है, बल्कि औषधीय संमिधायों की आहुति से वायुमंडल के हानिकारक बैक्टीरिया नष्ट होते हैं और पर्यावरण शुद्ध होता है।

### विधायक ने जताया सीएम का आभार

**नारनौल।** पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने शहर की 13 अवैध कॉलोनियों को वैध घोषित करने के ऐतिहासिक निर्णय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम से शहर के हजारों परिवारों को बहुत बड़ी राहत मिली है, जो पिछले कई वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में संघर्ष कर रहे थे।

### नियमों के उल्लंघन पर 10 वाहनों के काटे चालान

**महेंद्रगढ़।** यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 10 वाहन चालकों के पुलिस ने चालान काटे हैं और उन पर करीब 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दो बाइकों को इंपाउंड भी किया गया है। शुक्रवार को दुर्गा शक्ति टीम की इंचार्ज इंस्पेक्टर मीनाक्षी के नेतृत्व में शहर के मुख्य स्थानों पर नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों को खिलाफ सख्ती की गई। दुर्गा शक्ति टीम की इंचार्ज मीनाक्षी ने शहर के हुड्डा पार्क के नजदीक वाहनों की जांच की गई। वाहन चालकों के दस्तावेज व हेलमेट नहीं पहनने पर चालान किया गया है।

## संस्कारों को जगाने के लिए श्रीराम कथा आज के युग में अत्यंत जरूरी

# हनुमान जोहड़ी धाम के माघ मेला महोत्सव में सुनाई जीव-ब्रह्म के मिलन की कथा

मंदिर के बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित हो रहा मेला महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

माघ मास के अवसर पर हनुमान जोहड़ी धाम में आध्यात्मिक उत्सव का माहौल है। मंदिर के बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित हो रहे मासिक माघ मेला महोत्सव में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। महोत्सव के दौरान कथाव्यास पंडित विजय भारद्वाज ने अपनी अमृतमयी वाणी से जीव और ब्रह्म के मिलन का मार्मिक वर्णन कर भक्तों को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान कथाव्यास पंडित विजय भारद्वाज ने भक्ति एवं भगवान के अटूट संबंध पर प्रकाश डाला। कथाव्यास भारद्वाज ने सीता-राम जी के स्वरूप को जीव और ब्रह्म के मिलन का जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि जब भक्ति जब निस्वार्थ होती है, तब जीव का मिलन ब्रह्म से संभव होता है। माता सीता भक्ति का प्रतीक हैं और भगवान श्री राम साक्षात परब्रह्म हैं। इनका मिलन ही आत्मा का परमात्मा में विलीन होना है। उन्होंने समझाया कि सांसारिक मोह-माया को त्याग कर जब जीव पूरी तरह प्रभु चरणों में समर्पित होता है, तभी उसे परम आनंद की प्राप्ति होती है। महंत चरणदास ने कहा कि वर्तमान समय में नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए ऐसे धार्मिक आयोजन अनिवार्य हैं। उन्होंने संस्कारों पर जोर देते हुए कहा कि राम कथा केवल एक कहानी नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। ऐसी कथाओं के श्रवण से ही समाज में लुप्त हो रहे संस्कारों की पुनः उत्पत्ति होती है।



**भिवानी।** प्रवचन देते कथाव्यास पंडित विजय भारद्वाज। *फोटो : हरिभूमि*

### आज होगा राम-सीता विवाह का वाचन

महंत चरणदास ने कहा कि संस्कारों को जगाने के लिए राम कथा की आज के युग में अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि महोत्सव की इसी कड़ी में 17 जनवरी को धाम में भगवान श्री राम और माता सीता के विवाह की कथा का भव्य वाचन होगा।

# शिक्षा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व रहे दीवान सिंह का निधन

- दीवान सिंह रंगा को उनके शांत और सरल स्वभाव के लिए जाना जाता था, उनके निधन से दौड़ी शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) सुनील रंगा और बिजली बोर्ड सब अर्बन डिवीजन भिवानी के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) संजय रंगा के पिता दीवान सिंह रंगा (सेवानिवृत्त ईटीओ) का गत दिनों निधन हो गया।

वे 75 वर्ष के थे। उनके निधन से प्रशासनिक गलियारों और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर है। मूलरूप से चरखी दादरी के गांव मकडाना निवासी दीवान सिंह रंगा को उनके शांत और सरल स्वभाव के लिए जाना जाता था। एक योग्य अधिकारी के रूप में उन्होंने सिरसा, गुरुग्राम, करनाल, हिसार और भिवानी जैसे जिलों में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं।

### स्वर्गीय दीवान सिंह को थी शिक्षा की अच्छी समझ

स्वर्गीय दीवान सिंह ने वर्ष 2007 में वे रेवाड़ी से आबकारी एवं कराधान अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। जेई बिजेश कुमार जावला ने बताया कि दीवान सिंह रंगा शिक्षा की शक्ति और महत्व को भली-भांति समझते थे। यही कारण था कि उन्होंने अपने तीनों बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाकर समाजसेवा के लिए तैयार किया, जिसमें बड़ी बेटी डॉ. सरोज वर्तमान में रेवाड़ी में सीनियर मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत है, बड़ा बेटा सुनील रंगा जनस्वास्थ्य विभाग में अधीक्षण अभियंता है तथा छोटा बेटा संजय रंगा बिजली बोर्ड में कार्यकारी अभियंता के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

# स्वस्थ शरीर के लिए योग जरूरी

- पुलिस लाइन में योग शिविर में बताए योग के फायदे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आयुष विभाग हरियाणा तथा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश भर में योग को जिला, ब्लॉक व ग्राम सहित सभी व्यक्तियों तक पहुंचाते हुए हर नागरिक को स्वस्थ जीवनशैली से जोडने के लिए 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से 12 फरवरी स्वामी दयानंद सरस्वती तक एक माह तक सूर्य नमस्कार अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में आज भिवानी के पुलिस लाईन में एक योग कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन योग सहायक कविता, गजानंद कौशिक, सुनील कुमार व अनिल कुमार ने करवाया। साथ ही इससे होने वाले लाभ के बारे में पुलिस कर्मचारियों को अवगत करवाया।



**भिवानी।** पुलिस लाइन में योग करते पुलिस अधिकारी व कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### योग के लिए किया प्रेरित

इस अभियान के माध्यम से योग को जन-जन तक पहुंचाना, लोगों को सूर्य नमस्कार के शारीरिक व मानसिक विकास से अवगत करवाना तथा स्वामी विवेकानंद की उपलब्धियां, ज्ञान व शिक्षा से अवगत करवाते हुए कर्मचारियों को चरित्र निर्माण एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# युवाओं को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

- अटल स्पोर्ट्स वेलफेयर सोसाइटी घर-घर जाकर फैलाएगी नशे के खिलाफ जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

युवाओं में बढ़ते नशे के प्रचलन को रोकने और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए अटल स्पोर्ट्स वैलफेयर सोसाइटी ने बड़े जन आंदोलन का आगाज किया है। रेल अंडरपास महापंचायत के संयोजक रोहतास वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को वैश्य ग्राउंड जीतूवाला में भारत निर्माण युवा दल के संस्थापक अभिमन्यु यादव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें नशे को जड़ से मिटाने का संकल्प लिया। सोसाइटी के उपप्रधान सुखबीर सिंह चौहान ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। इस आंदोलन के तहत खेल से जुड़े युवा, बच्चे और बुजुर्ग शहर की गलियों और गांवों के घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया, जिसके तहत नशा तस्करों और सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों के खिलाफ हरियाणा पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का निर्णय लिया।



**भिवानी।** नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने की शपथ लते अटल स्पोर्टस वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### नशे से होने वाले नुकसान बताए

इस दौरान युवाओं को शराब और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक व मानसिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर भारत निर्माण युवा दल के जिला प्रधान व सोसाइटी अध्यक्ष सूरत सिंह यादव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार रेलवे कोच, विक्रम सिंह तंवर मोगली, धर्मवीर यादव एथलेटिक्स कोच, जगदीश प्रसाद, संजय फौजी, विरेन्द्र डीएसओ हॉकी, रोहतास वर्मा, शिवकुमार गोठवाल, रामशरण ठेकेदार, मनीष बंसल आदि रहे।

# कायाकल्प योग केंद्र में हुआ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर रश्मि शर्मा, जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ संजय वैद्य, योग स्पेशलिस्ट डॉ निशा के मार्गदर्शन में विजय नगर स्थित कायाकल्प योगा केंद्र में वीरवार को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में आयुष योग सहायक कविता ने पहले सूक्ष्म व्यायाम फिर सूर्य नमस्कार के राउंड करवाए। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 12 जनवरी (स्वामी विवेकानंद जयंती) से 12 फरवरी (महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती) तक एक माह के लिए मनाया जाएगा। योग सहायक कविता ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सूर्य नमस्कार के अद्भुत गुणों से अवगत करवाना है व अधिक से अधिक लोगों में सूर्य नमस्कार व योग के प्रति जागरूकता फैलाना है। वहीं कार्यक्रम में कायाकल्प योग केंद्र की संचालिका रेनू वर्मा मौजूद रही। रेनु वर्मा ने बताया की योग में विशेषकर सूर्य नमस्कार के वैज्ञानिक लाभ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी गुणकारी है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की दी जानकारी

- एडीसी ने अपने कार्यालय में ली पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा के लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एडीसी ने की। उन्होंने एलडीएम बिभूति पांडे को निर्देश दिए कि वे इस योजना के तहत प्रदान किए जाने लोन में सरलीकरण लाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। वहीं एडीसी ने बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता विनोद पूनिया को योजना के बारे में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

### योजना को बताया महत्वाकांक्षी



एडीसी ने कहा कि ये बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। बैंकों के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है। दो किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम प्रतिदिन लगभग 8 से 10 यूनिट बिजली उत्पादन करता है, जो मासिक रूप से लगभग 300 यूनिट तक होती है। ये मध्यमवर्गीय परिवार की जरूरतों के लिए पर्याप्त है, जिससे बिजली बिल लगभग शून्य हो जाता है।इस दौरान बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता विनोद पूनिया ने बताया कि अंत्योदय परिवार, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तथा सालाना बिजली खपत 2400 यूनिट तक है, उन्हें दो किलोवाट सोलर सिस्टम पर केंद्र सरकार से 60 हजार रुपए व हरियाणा द्वारा 50 हजार रुपए कुल एक लाख 10 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है।

# भ्रष्टाचार मुक्त शासन विकास के लिए जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी देश की प्रगति में सबसे बडी बाधा है। यह एक ऐसी दीमक है जो समाज की नींव को अंदर ही अंदर खोखला कर देती है। जब हम प्रशासन की बात करते हैं, तो हमारा तात्पर्य उस तंत्र से होता है जिसका काम जनता की सेवा करना है। लेकिन जब यही तंत्र स्वार्थ और लालच की भेंट चढ जाता है, तो आम नागरिक का भरोसा टूट जाता है। ऐसे में जिला के सभी अधिकारी ईमानदारी के साथ काम करते हुए लोगों की सेवा करें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मिटाने और प्रशासन को स्वच्छ बनाने के लिए केवल भाषण काफी नहीं हैं, बल्कि ठोस कदम उठाने की जरूरत होती है।

### बिचौलियों से रहें सतर्क

उपायुक्त शुक्रवार को खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा भ्रष्टाचार विषय को लेकर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की आवश्यकता क्यों है। इसपर सभी को विचार करना चाहिए। एक पारदर्शी और ईमानदार प्रशासन के बिना किसी भी राष्ट्र का सर्वांगीण विकास असंभव है। इसके अभाव में गरीब और गरीब होता जाता है। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुँचने के बजाय बिचौलियों की जेब में चला जाता है।

# डिजिटल दुनिया में सावधानी बरतना जरूरी

- साइबर अपराध से बचाव के लिए जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाना समय की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (हालसा) पंचकूला के सदस्य सचिव तथा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार मैनेजिंग द डिजिटल वर्ल्ड-थिंक बिफोर यू शेयर अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम)-कम-सचिव पवन कुमार के मार्गदर्शन में आमजन में कानूनी साक्षरता फैलाने एवं न्याय तक पहुंच को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अभियान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी और फर्जी सूचनाओं के बीच नागरिकों को सतर्क व जागरूक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### डिजिटलता के दुस्प्रभाव बताए



सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करना, संदिग्ध डिजिटल संदेशों और ऑनलाइन गतिविधियों के प्रति सतर्क करना तथा सोशल मीडिया के सीमित और नियंत्रित उपयोग की आदत विकसित करना है। उन्होंने बताया कि बच्चों और किशोरों को सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से होने वाले मानसिक और शारीरिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना अभियान का अहम हिस्सा है। सीजेएम ने बताया कि 17 जनवरी को गांव सांगा में पैनल अधिवक्ता मंगेज व अधिकार मित्र विनोद, 22 को गांव कलिंगा में पैनल अधिवक्ता अंकुश व अधिकार मित्र सुरेश, 28 को गांव तिगड़ाना में पैनल अधिवक्ता ज्योति व अधिकार मित्र प्रीतम, तीन फरवरी को गांव मढ़ाणा में जागरूक करेंगे।

# कर्मचारियों ने किया हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल



हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि. नंबर 41) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की मीटिंग लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन जिला सेक्रेटरी विजेंद्र शर्मा ने किया। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान कौशल यादव ने की। मीटिंग में राज्य कमेटी से राज्य महासचिव जनरल सिंह तथा राज्य प्रचार सचिव सुबह सिंह मौजूद रहे। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य 12 फरवरी 2026 को होने वाली राष्ट्रीय व्यापार हड़ताल की तैयारी को लेकर हुई। महासचिव जरनैल ने सरकार की कर्मचारी विरोध नीतियों घोर आलोचना करते हुए कहा कि सरकार को 23 व 31 दिसंबर 2025 दिया गए हाई कोर्ट का आदेश मानते हुए कच्चे कर्मचारियों को रेगुलेजेशन पॉलिसी के तहत पक्का करना चाहिए। सन 1993, 1966, 2003 तथा 2011 की पॉलिसी में कवर होने वाले कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना चाहिए। गत 31 दिसम्बर 2025 को जिन कच्चे कर्मचारियों ने 10 साल की सेवा दी हैं, उनको भी पक्का किया जाए।

# पंचायतीराज प्रशिक्षण केंद्र में हुआ जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय पंचायती राज प्रशिक्षण केंद्र में जिला स्तरीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013 (पॉश एक्ट) के प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गुरुग्राम स्थित द कॉस्मिक एनर्जाइजर्स से राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक, अधिवक्ता एवं पॉश अधिनियम विशेषज्ञ अंकुर अग्रवाल ने प्रशिक्षण दिया।

### डीसी ने दी अधिनियम की जानकरी

डीसी गुप्ता ने पॉश अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, आंतरिक समिति के गठन, उसकी संरचना, शक्तियों, दायित्वों तथा शिकायत निवारण प्रक्रिया पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकारी एवं निजी क्षेत्र के प्रत्येक ऐसे कार्यस्थल जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है। प्रत्येक संस्थान में वर्ष में न्यूनतम दो बार पॉशअधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम किए जाने चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों को वर्ष 2025 की पॉश वार्षिक रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 के बारे में जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली ने कहा कि पोश अधिनियम के प्रति जागरूकता महिलाओं के सशक्तिकरण एवं कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों से अधिनियम के पूर्ण अनुपालन के लिए आवश्यक कदम उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि विशेष रूप से निजी क्षेत्र से पॉश जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक अंजूबाला, उपजिला शिक्षा अधिकारी राजबाला, स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. डीके आहुजा सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बागवानी के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं आंतरिक समिति के सदस्य मौजूद रहे।

**जागरुकता** टीबी उन्मूलन के लिए लगातार तेजी से कार्य कर रहा स्वास्थ्य विभाग: डॉ. सुमन

# पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने टीबी के 11 मरीजों को वितरित की पोषण किट

टीबी जैसी बीमारी को जड़ से खत्म करने को बीमार से नहीं बीमारी से परहेज जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान को धरातल पर और अधिक मजबूती देने के उद्देश्य से शुक्रवार को पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ट्रस्ट द्वारा गोद लिए गए टीबी के 11 मरीजों को विशेष पोषण किट वितरित की गई। कार्यक्रम उप सिविल सर्जन डॉ. सुमन विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मरीजों को न केवल दवाइयां, बल्कि बेहतर खान-पान के प्रति जागरूक करना भी रहा।



**भिवानी।** टीबी मरीज को पोषण किट भेंट करती डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुमन विश्वकर्मा व पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के सुरेंद्र संभ्रवाल। *फोटो : हरिभूमि*

### टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं

ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने मरीजों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि टीबी अब लाईलाज बीमारी नहीं है, बशर्ते मरीज समय पर दवा और सही पोषण ले। उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि समाज में आज भी टीबी को लेकर कई भ्रांतियां हैं। हमें यह समझने की जरूरत है कि हमें बीमारी से परहेज करना है, बीमार व्यक्ति से नहीं। इन मरीजों को हमारे प्यार और सहयोग की जरूरत है ताकि वे मुख्यधारा में वापस लौट सकें। संभ्रवाल ने बताया कि उनके ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर 11 मरीजों को गोद लिया है, जिनकी सेहत और पोषण का पूरा जिम्मा ट्रस्ट उठा रहा है। डॉ. सुमन ने ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि टीबी की दवाएं काफी भारी होती हैं, जिनके बेहतर असर के लिए शरीर में प्रोटीन और विटामिन्स का होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग लगातार टीबी उन्मूलन के लिए काम कर रहा है, लेकिन जब पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट जैसी संस्थाएं आगे आकर मरीजों को पोषण किट उपलब्ध करवाती है तो मरीज के स्वस्थ होने की दर काफी बढ़ जाती है। सरकारी उपचार के साथ-साथ यह सामाजिक सहयोग टीबी मुक्त भारत के सपने को सच करने में मील का पत्थर साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू : सांगवान

**तोशाम।** खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार सांगवान ने बताया कि उपमंडल स्तरीय राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने की तैयरियां शुरू कर दी गई हैं। उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में पी.टी. शो, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमो को समिति 20 जनवरी को सांस्कृतिक गतिविधियों को अंतिम रूप देगी। गणतंत्र दिवस समारोह में प्रतिभागी सभी स्कूलों द्वारा सोमवार तक संबंधित कार्यक्रम बारे बीईओ कार्यालय में जानकारी देनी है। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों को विवरण के अनुसार पीटी शो और परेड के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। पीटी के लिए पूर्वाभ्यास सोमवार 19 जनवरी को चौधरी सुरेंद्र सिंह मेमोरियल स्टेडियम तोशाम में सुबह 10 बजे होगा।

### मनरेगा को लेकर राव दानसिंह करेंगे बैठक

**भिवानी।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने व मनरेगा कानून में संशोधन किए जाने को लेकर पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं भिवानी कांग्रेस के प्रभारी राव दानसिंह शनिवार को 11:30 बजे भिवानी के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ईश्वर शर्मा ने बताया कि बैठक में विधायक, पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के सभी संगठनों के पदाधिकारी व कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। बैठक के बाद राव दानसिंह पत्रकारों के साथ बातचीत भी करेंगे।

## नीमपाल सिंह कॉलेज में भाषण, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

# रंगोली में साक्षी, भाषण में अनुसूईया तथा निबंध लेखन में विशाखा प्रथम

### विद्यार्थी स्वयं मतदाता सूची में दर्ज कराए अपना व परिवारिक सदस्यों का नामः प्राचार्य जगबीर

- विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मतदान के महत्व, मतदाता सूची में नामांकन तथा लोकतंत्र की मजबूती पर अपने विचार प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला निर्वाचन कार्यालय भिवानी के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय भाषण, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। रंगोली प्रतियोगिता में साक्षी, भाषण में अनुसूइया, निबन्ध लेखन में विशाखा एवं साक्षी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं। इन प्रतियोगिताओं का विषय कोई मतदाता न छूटे रखा गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मतदान के महत्व, मतदाता सूची में नामांकन तथा लोकतंत्र की मजबूती पर अपने विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के प्राचार्य जगबीर सिंह श्योराण ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता जागरूक मतदाताओं पर निर्भर करती है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे स्वयं मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज करवाएं तथा अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मत लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है और किसी भी मतदाता का छूटना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता है।



भिवानी। अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### मतदाता जागरूकता का संदेश

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मदन सिंह ने प्रतियोगिताओं की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि भाषण, निबन्ध और रंगोली जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में मतदाता जागरूकता का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया। उन्होंने प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका डॉ. राजकुमार, डॉ. हरिओम, योगमाया और नीतू ने निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. रविकान्त, दीपक, ज्योति, दीपिका, पारीशा, उषा सहित अनेक प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। रंगोली प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम, लवीना ने द्वितीय तथा अन्नू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, भाषण प्रतियोगिता में अनुसूइया प्रथम, साक्षी द्वितीय और दीक्षा तृतीय स्थान पर रहीं, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में विशाखा एवं साक्षी संयुक्त रूप से प्रथम, लवीना द्वितीय तथा तमन्ना तृतीय स्थान पर रहीं। सफल आयोजन पर डॉ. जगवीर सिंह मान ने आयोजकों और प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम-सी प्रथम

**बाढ़ड़ा।** उच्चतर शिक्षा हरियाणा पंचकूला के निर्देशानुसार राजकीय महिला महाविद्यालय बाढ़ड़ा में गुरुवार को सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार के निर्देशन तथा राष्ट्रीय दिवस प्रभारी प्रोफेसर कमलेश के नेतृत्व में संपन्न हुआ। महोत्सव के तहत सरस्वती नदी थीम पर प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता करवाई। प्रश्नोत्तरी में कुल पांच टीमों ने भाग लिया, जिसमें टीम-सी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में छात्रा प्रीति ने विषय पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत कर प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सरस्वती नदी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर डॉ. मीना कुमार, प्रोफेसर यशवंती, प्रोफेसर मीना, डॉ. मनीषा लाठर आदि उपस्थित रहा।

- सरस्वती नदी थीम पर प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

## भाषण में विनय व प्रश्नोत्तरी में खुशी, निशु व अंतिम की टीम प्रथम



- बंसीलाल कॉलेज में सरस्वती महोत्सव का आयोजन

**लोहारू।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग के आदेशानुसार सरस्वती महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकारी प्राचार्य विजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। विजय कुमार ने छात्र छात्राओं को सरस्वती महोत्सव की जानकारी दी और कहा कि कॉलेज स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में युवाओं को हिस्सा लेना चाहिए। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थी में प्रतिस्पर्धा भावना और रचनात्मकता का गुण विकसित करते हैं। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नीलम के संयोजन में भाषण प्रतियोगिता में विनय कुमार ने प्रथम, अनीता ने द्वितीय और तनु शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में खुशी, निशु और अंतिम बी.ए. फस्ट की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों से युवाओं में जागी नई ऊर्जा, किया सम्मानित



- दुनिया की नजर भारत के युवाओं पर टिकी : भारद्वाज

**भिवानी।** आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र भिवानी द्वारा १२ जनवरी से १६ जनवरी तक आयोजित युवा सप्ताह का समापन च्च्स्वामी विवेकानंद को जानो और युवा शक्तिज्ज विषय पर भाषण प्रतियोगिता के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। समापन समारोहें युवाओं के उत्साह, आत्मविश्वास और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। समापन समारोह के दौरान आयोजित भाषण प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ युवाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया, जिन्होंने अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, उनके विचारों और युवाशक्ति की भूमिका पर विशेष फोकस किया। प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों को अपने भाषणों में प्रमुखता से रखा, जिससे कार्यक्रम का वातावरण प्रेरणादायी बन गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में मुख्य वक्ता के रूप में भारत सरकार से राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने शिरकत की।

## ग्रामीणों ने विधायक से की मुलाकात

# नीमड़ बडेसरा की चकबंदी में बरती जा रही मनमानी, ग्रामीण नाराज


बाढ़ड़ा। विधायक उमेद पातुवास से मिलते निमड़ बड़ेसरा के ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

- ग्रामीणों को नहीं कराया चकबंदी स्कीम से अवगत

चकबंदी विभाग की कार्यशैली से परेशान होकर गांव निमड़ बडेसरा के ग्रामीणों ने उमेद पातुवास को शिकायत कर उनके गांव की चकबंदी में बरती जा रही लापरवाही को दुरुस्त करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने गांव में संचालित चकबंदी कामकाज में विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों पर मनमानी बरतने व जनहित से जुड़ी योजनाओं को लागू न करने का आरोप लगाते हुए उनके साथ न्याय बरतने की अपील की। विधायक पातुवास ने जल्द ही विभाग द्वारा गांव में खुला दरबार लगाकर समाधान करवाने का भरोसा दिया। एडवोकेट श्रीराम चहल, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीश बडेसरा की अध्यक्षता में सरपंच कमलेश देवी, चकबंदी कमेटी अध्यक्ष अर्जुन सिंह, नंबरदार इंदराज सिंह, सूबेसिंह जाखड़, सुनील पूर्व सरपंच आदि ने विधायक से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में वर्ष २०१९ से चकबंदी कार्य चल रहा है और ग्रामीणों ने आपसी सहमति से सात लाख रुपये भी एकत्रित कर चकबंदी विभाग को दिए लेकिन अब विभाग ने चकबंदी की स्कीमों से अवगत नहीं करवाया। वहीं चकबंदी के कामकाज में उर्दू के शब्द प्रयोग होने से ग्रामीणों को सारी जानकारी समझ में नहीं आती है और बाढ़ड़ा बैठकर मनमर्जी से रिकार्ड तैयार किया जा रहा है।

## डीसी व सीएम को भेजी थी शिकायत

# बारिश के कारण मकान हुआ क्षतिग्रस्त मुआयना करने नहीं पहुंचा कोई अधिकारी

- त्रिपाल ढांपकर कर रहे गुजारा, विभाग से लगाई आर्थिक सहायता की गुहार

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव दुर्जनपुर हालिया नाम सज्जनपुर निवासी लाली सर्दी के दिनों में मकान की टूटी छत पर त्रिपाल डालकर परिवार सहित गुजारा करने को मजबूर दिखाई दे रही है। लेकिन उसकी फरियाद सुनने व मदद करने वाला कोई नहीं है। जिसको लेकर परिवार दर-दर भटकनें को मजबूर दिखाई दे रहा है। जानकारी देते हुए लाली ने बताया कि वह गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है व उसका पति बीर सिंह बीमार रहता है व घर में दो लड़कियां है। आय का कोई जरिया नहीं हे। गांव में उसका एक कमरा है और अत्याधिक बारिश होने के कारण गिर गया जिसको लेकर उसने बीडीपीओ, उपायुक्त से लेकर मुख्यमंत्री को भी शिकायत भेजी लेकिन उसके मकान का मुआयना करने कोई कर्मचारी व अधिकारी नहीं आया। उसे मजबूरन टूटी छत पर त्रिपाल डालकर सिर ढ़ांपना पड़ रहा है।

## सेल्फ डिफेंस के प्रशिक्षण से बेटियां कर सकेंगी आत्मरक्षाः एडीसी दीपक

# ड्रॉपआउट छात्राओं की पहचान कर वापस स्कूलों में दाखिला दिलाना सुनिश्चित करें अधिकारीः एडीसी

- एडीसी ने जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि सेल्फ डिफेंस के प्रशिक्षण से बेटियां आत्मरक्षा कर सकेंगी। सभी विभाग आपसी तालमेल कर महिलाओं/लड़कियों की सुरक्षा और उनकी शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और कन्या भ्रूण हत्या को जड़मूल से समाप्त करें। एडीसी श्री करवा लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में जरूरी निर्देश दे रहे थे। बैठक में एडीसी ने महिला एवं बाल विकास विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को महिलाओं/लड़कियों की सुरक्षा, उनकी शिक्षा, महिला सशक्तिकरण व कन्या भ्रूण हत्या को जड़मूल से समाप्त करने के जरूरी निर्देश दिए।


भिवानी। जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक को संबोधित करते एडीसी दीपक बाबूलाल करवा। फोटो : हरिभूमि

#### छात्रों को किया जागरूक

एडीसी दीपक ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ड्रॉप आउट छात्राओं की पहचान करें और उनका वापस स्कूलों में दाखिला दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही आगे बढने का एकमात्र माध्यम है। महिलाओं को स्वावलंबी बनना जरूरी है। एडीसी ने महिला में बाल विकासे अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महिलाओं को बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वन स्टॉप सेंटर आदि विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक करें तथा पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

## सड़क सुरक्षा एवं अवैध गतिविधियों को रोकने का प्रयासः दिलबाग

# क्रेशर जोन में वाहनों की जांच, मालिक और चालकों का लिया रिकॉर्ड

- चेकिंग से ट्रेफिक निगरानी व अपराध अन्वेषण में मिलेगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार झोझूकलां थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने क्रेशर जोन में विशेष अभियान चलाया। वाहनों की तलाशी ली और मालिकों व चालकों के दस्तावेजों का रिकॉर्ड चैक किया। अभियान के अंतर्गत झोझुकला पुलिस ने क्रेशर जोन में भारी वाहनों की बारीकी से जांच की। पुलिस टीम ने वाहन दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्रों की जांच की। उप निरीक्षक दिलबाग सिंह ने बताया कि अभियान का लक्ष्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोकना है। नियमित चेकिंग और रिकॉर्ड रखने से न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित होगा बल्कि आपात स्थितियों में त्वरित पहचान में भी मदद मिलेगी। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान मिले रिकॉर्ड को डिजिटल प्रारूप में सुरक्षित रखा जाएगा ताकि भविष्य में ट्रैफिक निगरानी और अपराध अन्वेषण में सहायता मिल सके।


चरखी दादरी। वाहनों की छानबीन करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## 19 को होगी एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता

**बहल।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बहल खंड की महिलाओं के लिए 19 जनवरी को एक दिवसीय खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर में आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता में लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जबकि विभाग की डब्ल्यूसीडीपीओ ऊषा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। जानकारी देते हुए सुपरवाइजर वंदना, ललिता व रितु नागर ने बताया कि विभाग द्वारा महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में क्षेत्र की अनेक महिलाएं भाग लेगी।

## कन्हेटी में पशु डिस्पेंसरी का होगा जीर्णोद्धार

# समसपुर में एक करोड़ से बनेगा पशु चिकित्सालय : सुनील सांगवान

**चरखी दादरी।** विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि गांव समसपुर के लिए सरकार ने बड़ी सौगात दी है। गांव में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से पशु चिकित्सालय खोला जाएगा। वहीं गांव कन्हेटी में भी पशु डिस्पेंसरी के भवन का जीर्णोद्धार किया जाएगा। परियोजना के लिए प्रदेश की नायब सरकार द्वारा ग्रांट जारी कर दी गई है। विधायक ने कहा कि पिछले दिनों सरकार के समक्ष गांव समसपुर में राजकीय पशु चिकित्सालय खोलने की मांग उठाई थी। सरकार ने तुरंत मांग को स्वीकार करते हुए करीब एक करोड़ की राशि मंजूर की है।

#### गांव में मिलेगी सुविधा

विधायक ने बताया कि गांव में पशुपालकों की सुविधा के लिए करीब एक करोड़ रुपये की लागत से सरकारी पशु चिकित्सालय का निर्माण किया जाएगा। पशु चिकित्सालय के निर्माण से आसपास के गांवों के पशुपालकों को भी लाभ मिलेगा। अभी पशुओं के इलाज के लिए लोगों को दूरदराज के कस्बों में जाना पड़ता है। नया चिकित्सालय बनने से टीकाकरण, उपचार, कृत्रिम गर्भाधान जैसी सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध होंगी। वहीं गांव कन्हेटी में भी पशु डिस्पेंसरी भवन के जीर्णोद्धार के लिए 31 लाख रुपए सरकार ने जारी किए है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत भिवानी रेडक्रॉस से निकाली जागरूकता रैली

### अधिकतर सड़क हादसे होते मानवीय चूक या नियमों की अनदेखी के कारणः सचिव प्रदीप

# जागरूकता रैली में 200 स्वयंसेवकों ने हाथों में बैनर व स्लोगन लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा अभियान को गति देते हुए शुक्रवार को रेडक्रॉस भवन से उपायुक्त एवं रैडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली निकाली। रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था। भिवानी रेडक्रॉस के सचिव प्रदीप कुमार ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में विभिन्न गावों के 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया तथा स्वयंसेवकों ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी ली। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए इन स्वयंसेवकों ने हाथों में स्लोगन लिखी पट्टियां, बैनर और पोस्टर ले रखे थे। सडक़ सुरक्षा-जीवन रक्षा और नियमों का पालन करें, सुरक्षित घर पहुंचें जैसे नारों के माध्यम से नागरिकों को सड़क पर सावधानी बरतने की अपील की गई। रैली को रवाना करने के उपरांत रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि सेंट जान एम्बुलेंस (इंडिया) भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा (चंडीगढ़) के निर्देशानुसार इस सडक़ सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती सडक़ दुर्घटनाएं चिंता का विषय हैं और इनमें से अधिकतर हादसे मानवीय चूक के कारण होते हैं, ऐसे में हमारा उद्देश्य केवल चालान से बचना नहीं, बल्कि सुरक्षित सफर विकसित करना है।



भिवानी। जागरूकता रैली को रवाना करते रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार।

#### सड़क पर स्टंटबाजी से बचें युवा

सचिव ने वाहन चालकों से आह्वान किया कि वे दुपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें और कार चालक हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें, शराब पीकर वाहन ना चलाएं क्योंकि यह ना केवल अपराध है बल्कि जानलेवा भी है, वाहनों को निर्धारित गति सीमा में ही चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग ना करे, रेड लाइट और सडक़ पर लगे ट्रैफिक साइनेज का हमेशा सम्मान करें। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील की कि वे सडक़ पर स्टंटबाजी से बचें और जागरूक नागरिक की भूमिका निभाएं। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार, लिपिक सीमा रानी व आरसीआईटी प्रबन्धक संजय आदि मौजूद रहे।